कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा विगत दिनों कई एकादमिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष होने वाली नेट/स्लेट सदृश परीक्षा का आयोजन इस वर्ष भी किया गया। अन्तर्महाविद्यालय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में शहर के कई महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था। अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों को नेट परीक्षा पूर्व तैयारी कर उनके कॅरियर निर्माण में सहयोग देना इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य रहा है। विगत वर्षों में कई छात्र-छात्राएँ इस परीक्षा से लाभान्वित भी हुए है। इस वर्ष नेट सदृश परीक्षा में प्रथम स्थान कु. दुर्गेश्वरी शासकीय कन्या महाविद्यालय, द्वितीय स्थान भानेश मंडवी शास. व्ही.वाई.टी. स्ना. महाविद्यालय, तृतीय स्थान कु. लता शास. महाविद्यालय उतई ने प्राप्त किया। विशेष पुरस्कार हेतु कु. मुस्कान को चुना गया।

महाविद्यालय में पोस्टर प्रेजेन्टेशन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया इसका विषय था ‘‘भारतीय कृषि का बदलता परिदृश्य’’ अर्थशास्त्र विभाग की सभी छात्राओं ने इसमें भाग लिया। प्रथम कु. दुर्गेश्वरी साहू, द्वितीय सबीना परवीन एवं तृतीय स्थान पर आमिनी साहू रही। अतिथि व्याख्यानमाला के क्रम में शासकीय महाविद्यालय उतई की डॉ. सीमा अग्रवाल ने महाविद्यालय की छात्राओं को पर्यावरणीय अर्थशास्त्र पर अपना विशेष व्याख्यान दिया।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने इस तरह की प्रतियोगिताओं एवं व्याख्यानों की उपयोगिता को प्रतिपादित करते हुए कहा कि आने वाले समय में हमारी छात्राओं को प्रतियोगिता युक्त मानसिकता से अध्ययन करना होगा जिसका लाभ उन्हें भविष्य में मिल सकेगा। विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. मुक्ता बाखला एवं डॉ. दीपक कश्यप ने उक्त सभी कार्यक्रमों के सफल संचालन में अपना योगदान दिया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)